सार-समाचार

दो पत्थरबाज गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। घाटोल थाना पुलिस ने रात्रि में सडक जाम कर पत्थरबाजी करने के मामले में दो पत्थरबाजों को गिरफ्तार किया है वहीं दो नाबालिगों को डिटेन किया। थानाधिकारी प्रवीण सिंह सिसोदिया ने बताया कि 6 अगस्त को गोविन्द पुत्र कमलशंकर निवासी दूदका ने रिपोर्ट दी कि वह 5 अगस्त को अपने साथी श्रवण कुमार पुत्र नाकु निवासी बोदलापाडा रात्रि में लगभग 11 बजे दुकान बंद कर घाटोल से दूदका जा रहे थे कि रास्ते में हेरो के पास गट्टूलाल, राजमल के अलावा दो अन्य ने रास्ता रोककर पथराव किया जिससे गोविन्द को गंभीर चोटे आयी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही चारों फरार हो गये। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये। जिस पर थानाधिकारी सिसोदिया ने थाना स्तर पर टीम गठित करते हुए सहायक उपनिरीक्षक मेघराज, हैड कांस्टेबल युवराज व वीरभद्र, कांस्टेबल कल्याण सिंह व वीरभद्र सिंह की टीम गठित की। इस टीम ने गट्टूलाल डामोर निवासी लांबी पाटिया, राजमल पुत्र गट्टूलाल डामोर निवासी लांबी पाटिया को गिरफ्तार किया वहीं दो नाबालिगों को डिटेन किया।

ट्रेडिंग के नाम पर 15.50 लाख रुपए ठगे

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाडा थाने में 15.5० लाख रुपए की ठगी का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। यूक्रेन और फिग किर्गिस्तान से एमबीबीएस कर रहे दोस्त ने ट्रेडिंग बिजनेस के नाम पर उससे ठगी की। वहीं, आरोपी की ओर से दिए गए 2 चेक भी बाउंस हो गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बिछीवाडा थाना पुलिस के अनुसार सूरज पुत्र कांतिलाल पटेल निवासी छापी ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2019 से वह यूक्रेन से एमबीबीएस कर रहा था। आरोपी शाहिद चौहान पुत्र रमेश चौहान निवासी नोएडा उत्तरप्रदेश भी उसके साथ ही एमबीबीएस कर रहा था। इस वजह से दोनों में जान पहचान थी। वर्ष 2021 में यूक्रेन युद्ध हो गया और सभी एमबीबीएस स्टूडेंट किर्गिस्तान देश चले गए। आरोपी शाहिद भी वहीं आ गया। दोनों एक ही बैच के स्टूडेंट होने के साथ ही एक कमरे में रहने लगे, जिससे दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। 12 फरवरी 2023 को आरोपी शाहिद चौहान ने ट्रेडिंग बिजनेस में निवेश करने के लिए 6 लाख 31 हजार रुपए की आवश्कता बताई। इस पर उसने ये रुपए उसे दे दिए। इसके बाद 1 जुलाई 2023 को आरोपी ने 5 लाख रुपए की ओर जरूरत बताई। इस पर उसने कहां कि उसके पास ओर रुपए नहीं है। आरोपी ने 2-3 महीने में रुपए लौटाने का भरोसा दिलाया। जिस पर उसने अपने रिश्तेदारों से 5 लाख रुपए उधार लेकर उसे दिए,लेकिन उसने ये रुपए समय पर वापस नहीं दिए। 14 मार्च 2024 को आरोपी शाहिद चौहान भारत आ गया। इसके बाद वह भी 26 अप्रैल को भारत आ गया। 7 मई को आरोपी ने फिर से उसे काल किया और 2 लाख रुपए की सख्त आवश्यकता बताई। इस और उसने कहा कि पहले से दिए रुपए ही आज तक नहीं दिए है। अब उसके पास रुपया नहीं है। इस पर उसने कहा कि ट्रेडिंग बिजनेस में वह फंस गया है। उसे 2 लाख रुपए नहीं मिले तो वह पहले दिए 13.50 लाख रुपए भी वापस नहीं दे सकेगा। इस पर उसने रुपए डूबने के डर से 2 लाख रुपए दे दिए।

लोकार्पण पट्टिका का अनावरण

मंडफिया, (निसं)। भदेसर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपलवास में मुख्यमंत्री जल स्वालंबन अभियान के अंतर्गत जल संग्रहण तलाई नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भदेसर प्रधान सुशीला कंवर आक्या ने की। जिला परिषद सदस्य कैलाश चंद्र जाट ने बताया कि पीपलवास गांव के जवानपुरा सड़क मार्ग के किनारे स्थित मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना के अंतर्गत निर्मित तलाई नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकार्पण पट्टिका का अनावरण करने के पश्चात तलाई में आए नवीन पानी की पूजा अर्चना विधायक जीनगर तथा प्रधान सुशीला कंवर आक्या ने की। इस मौके पर जवानपुरा कॉलोनी के विस्थापितों की भूमि का मालिकना हक दिलाने तथा सड़क मार्ग की मांग रखी। कंथारिया सरपंच कालू लाल जाट ने सागवाडिया प्राथमिक विद्यालय भवन के मरम्मत की मांग तथा पीपल वास ग्राम वासियों ने हाज्याखेड़ी से पीपलवास सड़क निर्माण की मांग की।

सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

मंडफिया, (निसं)। राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर ने बताया कि एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ बुधवार रात्रि को सांवलिया सेठ मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर पुजारी ने प्रदेशाध्यक्ष जाखड़ को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। दर्शन पश्चात प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ का मंदिर कार्यालय में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर, मंदिर बोर्ड सदस्य अशोक कुमार शर्मा, भादसोड़ा सरपंच मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार ने उपरना ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

ग्राम विकास अधिकारी संघ ने कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

कपासन, (निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ कपासन ने स्वामित्व योजना के क्रियावन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को लेकर गुरुवार को ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग मंत्री और मुख्य सचिव के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। साथ ही समस्याओं के निराकरण करवाने का आग्रह किया है।13 अगस्त तक निराकरण नहीं होने पर इस योजना के कार्य का बहिष्कार किया जाएगा।

राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ कपासन के ब्लाक अध्यक्ष कमलेश

■ स्वामित्व योजना के क्रियावन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के निराकरण की मांग

राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ ने जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर जाट के नेतृत्व में बीडीओ मुकेश पोरवाल को ज्ञापन दिया।

बौद्ध ने बताया कि जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर जाट के नेतृत्व में इस संबंध में पंचायत समिति कपासन बीडीओ मुकेश पोरवाल को ग्रामीण विकास ओर पंचायती राज विभाग मंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि पंचायती राज विभाग संदर्भित पत्रांकों के अनुसार ग्रामीण आबादी भूमि के स्वामित्वधारियों को राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के प्रावधानों के तहत उनके कब्जे स्वामित्व की आबादी भूमि का विधिक दस्तावेज पट्टा, विक्रय विलेख दिया जाना है।भूमि के स्वामित्वधारियों को राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के प्रावधानों के तहत उनके कब्जे स्वामित्व की आबादी भूमि का विधिक दस्तावेज पट्टा, विक्रय विलेख दिया जाना है। स्वामित्व योजना की क्रियान्वयन में अस्पष्ट दिशा निर्देशों तथा समुचित प्रशिक्षण के अभाव में इससे संबंधित कार्मिकों और जनप्रतिनिधियों को बहुत अधिक जटिलताओं का सामना करना पड रहा है। ज्ञापन में कुल 23 प्रकार की समस्याओं का उल्लेख किया गया। क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक समस्याओं के निस्तारण 13 अगस्त तक निस्तारण करवाने मांग की गई। अगर 13 अगस्त तक विभाग की ओर से समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है, तो 14 अगस्त से स्वामित्व योजना का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जाएगा और इसमें किसी प्रकार का कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर लाल जाट, ब्लाक अध्यक्ष कमलेश बौद्ध, शंकरलाल बैरवा, प्रवीण मेनारिया, उर्मिला विजयवर्गीय ,पुष्कर राज योगी, तेजसिंह पवार, ,पारस बिश्नोई, रामेश्वर लाल सालवी, सुरेश प्रजापत, रोहित सेनी ,विनोद कुमार ढाका, घनश्याम उपाध्याय , खलील मोहम्मद, राहुल व्यास, आशुतोष गौड, प्रमोद भांभी आदि मौजूद रहे।

हर घर तिरंगा-2024 का आगाज आज से

उदयपुर, (कासं)। स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में कला संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा-2024 का आगाज शुक्रवार से होगा। 9 से 14 अगस्त तक प्रस्तावित इस अभियान के दौरान उदयपुर जिले में ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर पर विविध आयोजन होंगे।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी और हर घर तिरंगा अभियान की नोडल अधिकारी कीर्ति राठौड़ ने गुरूवार शाम को वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक लेते हुए अभियान को वृहद् स्तर पर पूर्ण गरिमा और उल्लास के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए। सीईओ राठौड़ ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसमें अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि 9 से 14 अगस्त तक चलने वाले अभियान के दौरान ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके अलावा उपखण्ड एवं जिलास्तर पर तिरंगा रैलियों का भी आयोजन किया जाना है। जिला स्तर पर मैराथन और सांस्कृतिक संध्या होगी।

शराब तस्कर गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाडा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के केस में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी तीन महीने से फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस की ओर से 5 हजार रुपए का इनाम रखा गया था।

बिछीवाडा थानाधिकारी ने बताया कि 23 मई को राजस्थान गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर एक ट्रक को रूकवाया। ट्रक ड्राइवर भानूप्रकाश प्रजापति निवासी झालावाड ने बबुल की लकडी होना बताया।

कांकरोली में तीन बदमाश पकड़े

राजसमंद, (निसं)। कांकरोली थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अपराधियों को फोलो कर दहशत फैलाने वाले 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी हनवंतसिंह सोढा ने बताया कि विगत दिनों शहर में हुई फायरिंग की घटना को एसपी मनीष त्रिपाठी द्वारा गम्भीरता से लेते हुये एएसपी महेन्द्र पारीक के सुपरविजन व डीएसपी विवेकसिंह के निर्देशानुसार शहर में अवैध हथियार सप्लाई करने वाले व हथियार रखने वाले अपराधियों तथा गुण्डो को, सोशल मीडिया पर अपराधियों को फोलो कर दहशत फैलाने वाले की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कांकरोली थाना पुलिस द्वारा ऐसे तीन दहशतगर्दो किशनलाल (21) पुत्र भूरालाल भील निवासी बाघपुरा, विष्णु (21) पुत्र भूरालाल भील निवासी बाघपुरा व प्रकाश चन्द्र (22) पुत्र रामलाल भील निवासी बाघपुरा को सोशल मीडिया किंग खान नामक ग्रुप चलाने वाले मफरुर अपराधी हासिम खान उर्फ मोहिद पुत्र आफताब खान पठान निवासी आजाद नगर

कांकरोली पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जलचक्की कांकरोली हाल निवासी बागपुरा, मुकेश उर्फ फुग्गा पुत्र मदनलाल गवारिया निवासी भीलमगरी कुण्ड के पास जलचक्की कांकरोली के फोलोअर्स है। ये सभी लोग फरार अपराधी हासिम खान उर्फ मोहिद, मुकेश उर्फ फुग्गा के सोशल मीडिया अकाउन्टस फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप पर अपराधियों को फोलो कर अपराध को बढावा देते हुये अपराधियों द्वारा पोस्ट किये गये वीडियो -फोटो को वायरल करते हैं। अपराधियों के सोशल मीडिया अकाउंटस फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप पर राजसमन्द साईबर पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जाकर कार्यवाही जारी है।

सार-समाचार

ज्ञापन सौंपा

भीम, (निसं)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारी ने स्वामित्व योजना की समस्याओं के निस्तारण के लिए गुरुवार को सहायक विकास अधिकारी सोहनलाल सालवी को ज्ञापन सौंपा गया। उदयपुर संभाग मंत्री संतोषसिंह ब्लॉक अध्यक्ष योगेश कुमार महेंद्र कुमार भांवरिया धीर सिंह मीणा मनोहर सिंह ईशंश मीना लोकेश मीणा दिव्या चोयल सुरभि शर्मा ललिता चोयल लालाराम भगवान सहाय रामलाल मुकेश कुमार हिंगोलिया मोहन सिंह वीरम सिंह चंपा लटियाल अंकित सेन श्यामसुंदर मीणा मोनिका कुमारी, देवेंद्र तंवर मदनसिंह संग्राम सिंह आनंद ज्योति आदि ठाम विकास अधिकारियों ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के निस्तारण के लिए ठाम गुरुवार को ठामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्थान सरकार जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है।इस ज्ञापन में कहा गया है कि स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में कई समस्याएं आ रही हैं, जिन्हें तत्काल हल किया जाना चाहिए। बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा स्वामित्व योजना में प्रॉपर्टी कार्ड में पट्टे वितरण में किसी भी प्रकार की त्रुटि विवाद की स्थिति होने पर अपीलीय प्रावधान किए जाएं इसमें सीधे पुलिस मुकदमा एफआईआर दर्ज नहीं करने दण्डात्मक कार्यवाही नहीं करने एवं सुनवाई का अधिकार होने के संबंध में स्पष्ट परिपत्र जारी किया जावे।ग्राम विकास अधिकारी संतोष सिंह योगेश कुमार लोकेश सिंह धीर सिंह मीणा ज्ञापन सौंपने वालों ने मांग प्रिंस मीणा लोकेश मीणा दिव्य चैनल सुरभि शर्मा ललित चौहान योगेश कुमार संतोष कुमार आदि ने समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

नेता प्रतिपक्ष से मिले कांग्रेस जन

डूंगरपुर, (निसं)। चौरासी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनावों को लेकर चौरासी विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेस जन का प्रतिनिधि मण्डल जयपुर पहुंचा जहां उन्होंने विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता एवं विधायक टीकाराम जुली से मुलाकात कर उप चुनावों के लिए पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार घोषित करने की मांग की। कांग्रेस जनों ने टीकाराम जूली का स्वागत किया और विस्तार से क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में और काग्रेस पार्टी के जीत की गणित के बारे में अवगत कराया और आने वाले समय में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार उतरना जरूरी बताया साथ ही कहा की उपचुनाव में किसी अन्य पार्टी के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जावे अन्यथा भविष्य में काग्रेस पार्टी को भारी नुकसान झेलना पडेगा। इस मौके पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, जिलाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियकांत पंड्या, पूर्व प्रधान एडवोकेट निमिषा भगोरा, ब्लॉक अध्यक्ष डुलेसिंह चौहान जनजाति ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कटारा जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रूपचंद भगोरा पंचायत समिति सदस्य विमल डूंडियार सरपंच संजय कलासुआ सरपंच मुकेश, सरपंच दिलीप सरपंच मेवाडा कमलेश ननोमा पूर्व पंचायत समिति सदस्य गोवर्धन पारगी कांग्रेस नेता चेतन मेहता शिक्षाविद् नरेश रोत महेंद्र भाभोर लैंप अध्यक्ष भादर पूर्व सरपंच विकास नगर ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष अमृतलाल पटेल आदि मौजूद थे।

अवैध गांजा परिवहन करते एक धरा

राजसमंद, ०(निसं)।जिले में एसपी मनीष त्रिपाठी के आदेशानुसार अवैध मादक पदार्थ,अवैध हथियार सप्लाई करने वाले, हथियार रखने वाले अपराधियों तथा गुण्डों को सोशल मीडिया पर फोलो कर दहशत फैलाने वाले की धरपकड के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कांकरोली थाना पुलिस की टीम ने अवैध रूप से 1.377 किलोग्राम गांजा परिवहन करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी से गांजा क्रय/विक्रय के संबध में पूछताछ जारी है। थानाधिकारी हनवंत सिंह सोढा ने बताया कि वासोल भाणा रोड तिराहा पर दौराने नाकाबंदी सोहेल (20) उर्फ सोढा पुत्र सलीम मंसुरी निवासी भीलमगरी, जलचक्की, कांकरोली को अवैध रूप से 1.377 किलोग्राम गांजा परिवहन करते हुए गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया।

घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

बांसवाड़ा, (निसं)। भील प्रदेश विद्यार्थी मोर्चा छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल गरासिया व ब्लॉक संयोजक राजेश डिंडोर के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय सज्जनगढ में निर्माणधीन भवन का निरीक्षण कर घटिया सामग्री के उपयोग पर रोष जताया। छात्रसंघ पदाधिकारियों ने भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पानी का रिसात हो रहा है अतरू प्रशासन अविलम्भ कार्य व सामग्री का निरीक्षण कर भवन निर्माण में गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग करने के लिये संबंधित को पाबंद करें अन्य महाविद्यालय छात्रों द्वारा विरोध किया जायगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी। इस अवसर पर छात्र प्रतिनिधि कैलाश डामोर, कपिल भाभोर, भूरसिंह परमार, इकाई संयोजक बलवंत परमार व दिनेश सुरावत, जीतमल डामोरआदि मौजूद रहे।

प्रन्यास पुण्य विमल महाराज का 132 वां जन्मोत्सव मनाया

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के बनकोडा क्षेत्र में आज श्रावण शुक्ल की चतुर्थी के अवसर पर पन्यास पुण्य विमल महाराज के 132 वे जन्म जयंती महामहोत्सव का आयोजन बडी धूमधाम से संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय से रत्नागिरी तीर्थ स्थल तक गाजों बाजो के साथ प्रभातफेरी का आयोजन किया। सैकडो विद्यार्थियों ने रत्नागिरी मंदिर पहुंचकर गुरुदेव के दर्शन किएतत्पश्चात रत्नागिरी तीर्थ स्थल पर प्रार्थना सभा का आयोजन

■ 124 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

बनकोडा में प्रन्यास पुण्य विमल महाराज की जयंती मनाई।

हुआ। वहां से प्रभात फेरी पुनः विद्यालय प्रांगण पहुंची जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पुण्य प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रमोद शाह द्वारा की गई मुख्य अतिथि मंगलेश भूपतावत विशिष्ट अतिथि संस्था प्रधान नयन चौबीसा, अशोक जैन प्राण जीवन भूपतावत, अनीता जैन वीणा जैन मौजूद रहें। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व ईश वंदना से हुई संस्था प्रधान नयन चौबीसा ने स्वागत उद्बोधन व गुरुदेव के जीवन के बारे में बताया। अध्यक्ष प्रमोद शाह ने पूज्य गुरुदेव का स्मरण करते हुए अपने प्रवचनों में बतलाया की गुरुदेव पुण्य विमल महाराज एक महान तपस्वी, साधक एवं वात्सल्य के धनी थे। उनकी तपस्या का ऐसा अलौकिक प्रभाव था कि जो महाराज बोल दें वैसा ही होता है। लोग उनके पास अपनी समस्याएं लेकर जाते थे और महाराज के आशीर्वाद से उनके असंभव कार्य भी संभव हो जाते थे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भामाशाह अध्विका जैन पुत्री अभिनव जैन भीलवाडा के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। गुरूदेव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार वृक्षारोपण महाअभियान हरियालों राजस्थान के तहत पुण्य हरित योजना में भामाशाहों के माध्यम से इस शुभ अवसर पर 124 पौधे लगाए गए, पौधो की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड खाद मिट्टी व ड्रिप सिस्टम के माध्यम से सिंचाई हेतु पाइप लाइन की व्यव्स्था की गई है। ताकि सभी पौधे जीवित रहे।कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ अभिभावकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे । मंच संचालन हिमांशु व्यास ने किया आभार व्यक्त हिमानी कलाल राकेश जैन ने किया।

इसी क्रम में वागड उद्वारक प्रन्यास प्रवर पुण्य विमल जी महाराज की 132 वीं जन्म जयंती के अवसर पर ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवचन हॉल में मुनिरत्न सागर जी एवं पवित्ररत्न सागर जी की निश्रा में गुणानुवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रारंभ में उनकी तस्वीर के सम्मुख वीशा पोरवाड संघ के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलन व वाक्षेप पूजा कर अनुमोदन किया। इस अवसर पर समाज के जयंतीलाल मेहता, रजनीकान्त मेहता, महावीर प्रसाद जैन, हर्ष मेहता, सुभाष मेहता, अभय मेहता, शैलेष मेहता आदि उपस्थित थे।

स्काउट यूनिफॉर्म वितरित की

बांसवाड़ा, (निसं)। राउमावि आला पृथ्वीगढ में सराफा एसोसिएशन के सानिध्य में पौधरोपण एवं स्काउट यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष पवन कुमार जैन रहे जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रीति कुलश्रेष्ठ ने की एवं विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण सोनी, पीयूष जैन, राजेश मेहता एवं राहुल जैन रहे। दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना उपरांत विद्यालय के प्रेम सिंह मईडा,धवल उपाध्याय प्रतिमा आचार्य तथा निधि शर्मा ने उपरणा औढाकर सम्मान किया। सराफा एसोसिएशन की ओर से कक्षा 9 के बादल, महेश, मनोहर, गणेश एवं निलेश को स्काउट ड्रेस भेंट की। स्वागत उद्बोधन में प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ ने विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया वहीं सहयोग करने वाले भामाशाहों को याद करते हुए स्काउट-गाइड के लिए 10 ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों का आभार जताया। मुख्य अतिथि स्काउट प्रधान पवन कुमार जैन ने पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधरोपण का महत्व बताते हुए स्काउट गाइड गतिविधि से जुडकर सेवा भावना पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का आ ान किया। हितेंद्र आचार्य के मार्गदर्शन में छात्रों ने दीप जलता रहे गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम उपरांत पदाधिकारियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए स्काउट छात्रों को पौधों में पानी पिलाने और सुरक्षा का दायित्व सौंपा।

विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

ठकुरानी तीज पर नगर परिषद की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

राजसमंद, ०(निसं)। नगर परिषद राजसमंद के सानिध्य में ठकुरानी तीज के उपलक्ष्य में बुधवार शाम को इरिगेशन गार्डन कांकरोली में महिलाओं, बालक-बालिकाओं, युवतियों व बच्चों के साथ ही पुरुष वर्ग के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

मेले में सैंकडो दर्शकों के बीच आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतियोगियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। नगर परिषद सभापति अशोक टांक ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिलायंस ग्रुप के डायरेक्टर अनिल सिंह थे व अध्यक्षता पेसिफिक अस्पताल उदयपुर के प्रो. डॉ हरीश कुमावत ने की। इसके साथ ही पार्षद भुरालाल कुमावत, हिमानी नन्दवाना, पूर्व पार्षद कमलेश साहू, चंचल नन्दवाना, परसराम पोरवाड भी मंचासीन थे। वहीं उप प्रधानाचार्य बालकृष्ण विद्याभवन कांकरोली रमेश आमेटा, दीपेश औदिच्य व राधेश्याम आचार्य विशिष्ट अतिथि रहे। मंच संचालक गोविन्द औदिच्य ने बताया कि मंचासीन अतिथियों ने प्रतियोगिताओं में विजेताओं, उपविजेताओं व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को तथा निर्णायकों और कार्यक्रम में सहयोग करने वाले नगरपरिषद के कार्यकर्ता लक्ष्मीलाल कुमावत, रतनसिंह व प्रहलाद छापरवाल, विजय शर्मा, उदयगोपाल, लक्ष्मीलाल कुमावत, रतनसिंह, प्रहलाद छापरवाल, दिपेश औदिच्य, राधेश्याम आचार्य, सहित लाईट, माइक टेन्ट वालों को स्मृति चिन्ह तथा इकलाई पहनाकर नगर परिषद राजसमन्द द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही रिलाइंस ग्रुप के डॉ अनिलसिंह तथा उनकी पूरी टीम का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर रिलाइंस ग्रुप तथा नगर परिषद ने सभी प्रतियोगियों तथा दर्शकों को फ्रूटियां वितरित की। आभार नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत ने ज्ञापित किया। यह रहे विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम : स्टेयर्स जपिंग रेस बालक वर्ग में संदीप मेघवाल, लक्षित राज सोलंकी, संदीप भील। बालिका वर्ग में दिव्यासिंह, वृन्दा गोस्वामी, निर्मला प्रजापत। शिशु वर्ग में ईशिता कुंवर राठौड, देवांश औदिच्य, सृष्टि पंचोली नीलमणी सारस्वत। चम्मच रेस के कनिष्ठ बालिका वर्ग में पूर्वी शर्मा, नित्या जांगिड, हितिका पालीवाल।